

*पैकनम में रेल गलियारे के किनारे L-बीम लगाए जा रहे हैं*

HINDI

LEVEL CROSSING REMOVAL PROJECT

**पैकनम,** जून 2023

# हम पैकनम में बड़ी उपलब्धि हासिल कर रहे हैं

## हम लेवल क्रॉसिंगों को हमेशा के लिए समाप्त करने के एक कदम और करीब हैं।

आगे काम पूरी गति से चल रहा है क्योंकि हम सड़कों पर एक रेल पुल का निर्माण करके पैकनम में तीन खतरनाक और भीड़भाड़ वाले लेवल क्रॉसिंग को हटा रहे हैं।

पिछले महीने मेन स्ट्रीट और मैकग्रेगर रोड पर L-बीम्स की स्थापना के बाद एलिवेटेड (ऊँचा) रेल ब्रिज वास्तव में आकार लेना शुरू कर रहा है।

पैकनम और ईस्ट पैकनम में नए स्टेशनों पर काम जारी है। एक बार पूरा होने पर, ये शॉपिंग परिसरों और स्टेशनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थानों सहित स्थानीय सुविधाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करेंगे।

एलिवेटेड रेल ब्रिज छह MCG के क्षेत्र लायक खुली जगह बनाएगा, जिसे 2024 तक पूरा किया जाएगा।

अप्रैल के दौरान मेन स्ट्रीट और मैकग्रेगर रोड पर सड़कों पर पुल बीम स्थापित करने के लिए हम सड़कें बंद होने के दौरान आपके धैर्य के लिए समुदाय को धन्यवाद देना चाहते हैं। उन विशाल पुल खंडों को अपनी जगह पर उठते हुए देखना एक रोमांचक मील का पत्थर था।

जून में हमारे पास कुछ **24/7 कार्य** आने वाले हैं - अधिक विवरण के लिए अंदर देखें।

### इन लेवल क्रॉसिंगों को हटाने की आवश्यकता क्यों है?

प्रत्येक सप्ताह के दिन 63,000 वाहन इन क्रॉसिंगों का उपयोग करते हैं

सुबह के शिखर के 30 मिनट से अधिक समय तक बूम गेट बंद रहते हैं

170 मेट्रो और वी/लाइन ट्रेनें प्रतिदिन लेवल क्रॉसिंग से गुजरती हैं

प्रतिदिन 90,000 यात्री क्रैनबोर्न-पैकनम लाइन का उपयोग करते हैं

**नवीनतम जानकारी के लिए साइन अप करें**
levelcrossings.vic.gov.au

VICTORIA'S BIG BUILD



# जून में 24/7 काम

गुरुवार 8 जून से बुधवार 21 जून तक बैरिक और पैकनम के बीच ट्रेनों की जगह बसें चलेंगी, जबकि टीम रेल पुल के निर्माण,सिग्नल स्थापित करने और ईस्ट पैकनम में ट्रैक कार्य जारी रखने पर चौबीसों घंटे काम करेगी।

इस दौरान, निर्माण वाहनों को रेल गलियारे तक सुरक्षित पहुंच की अनुमति देने के लिए प्रत्येक लेवल क्रॉसिंग पर कुछ मामूली देरी होगी। यातायात प्रबंधन के साथ निजी घरों और व्यवसायों तक पैदल यात्री और वाहन की पहुंच बनाए रखी जाएगी।

रुकावटों और उसके एवज में बसों के प्रयोग के विवरण के बारे में अपडेट रहने के लिए **ptv.vic.gov.au/cranpak** पर जाएँ।

## सड़क पर पड़ने वाले प्रभाव

रेल गलियारे पर हमारे 247/ कार्यों के दौरान, रेसकोर्स रोड, मैकग्रेगर रोड और मेन स्ट्रीट पर सड़कें बंद रहेंगी ।

### अप टू डेट रहें

ट्रैफिक प्रभावों के बारे में अपडेट के लिए, पैकनम लेवल क्रॉसिंग रिमूवल प्रोजेक्ट के बारे में SMS अपडेट साइन अप करने के लिए **0428 581 917** पर **PAKENHAM** को टेक्स्ट करना सुनिश्चित करें, या प्रोजेक्ट अपडेट के लिए **levelcrossings.vic.gov.au/subscribe** पर साइन अप करें।

*कर्मचारी पैकनम में मैकग्रेगर रोड पर L-बीम्स स्थापित करते हुए*



# ईस्ट पैकनम में प्रगति

## नए ईस्ट पैकनम स्टेशन की साइट पर अच्छी से ट्रैकिंग की जा रही है।

जून में ईस्ट पैकनम में अस्थायी ट्रैक लगाए जाएंगे। ये ट्रैक यात्रियों के लिए व्यवधान को कम करते हुए हमें नई रेल लाइन बनाने देंगे।

जून में 247/ काम के बाद, हम नए स्थायी ट्रैक का निर्माण करेंगे जो नए रेल पुल से जुड़ेंगे- तब तक ट्रेनें चलती रहेंगी।

## नए स्टेशन पर अंडरपास

हमने ईस्ट पैकनम स्टेशन पर पैदल यात्री अंडरपास के लिए पाइलिंग और खुदाई का काम पूरा कर लिया है। हम बैरियर, पैनलिंग, रैंप और सीढ़ियों की स्थापना के साथ-साथ अंडरपास पर काम करना जारी रखेंगे। लैंडस्केपिंग को अभी भी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।

*ईस्ट पैकनम में ट्रैक कार्य*



# सड़क बंद होने के दौरान स्थानीय व्यवसायों को सहारा देना

## पैकनम में मेन स्ट्रीट और मैकग्रेगर रोड पर यातायात परिवर्तन के दौरान स्थानीय खरीदारी जारी रखने के लिए धन्यवाद!

'खर्च करो और जीतो' अभियान एक बड़ी सफलता थी, जिसमें कई पैकनम निवासियों ने क्षेत्र में खरीदारी की और प्रतियोगिता में भाग लिया। हमारे प्रथम पुरस्कार विजेता ने पैकनम मोवर्स और चेनसॉज़ में अपने वाउचर से एक लॉन मोवर ख़रीदा।

अन्य भाग्यशाली विजेताओं को पकेनहैम ज्वैलर्स इवोल्यूशन हेयर पार्लर, द ग्रेट ऑस्ट्रेलियन बेकहाउस और द चॉकलेट की पैकनम दुकानों से वाउचर भी प्राप्त हुए।

Pakenham's
OPEN
FOR BUSINESS

## पैकनम प्रोजेक्ट कियोस्क

हमारा नया प्रोजेक्ट कियोस्क पैकनम सेंट्रल में स्थित है! इसे खरीदारों को प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने और कुछ बाल-सुलभ गतिविधियों से बच्चों का मनोरंजन कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

सुनिश्चित करें कि अगली बार जब आप पैकनम सेंट्रल में खरीदारी कर रहे हों तो आप इसकी जांच कर लें। कियोस्क वूलवर्थ्स के बाहर स्थित है।




*पैकनम सेंट्रल में प्रोजेक्ट कियोस्क।*

# पैकनम में मीठे व्यंजन

## पैकनम मेन स्ट्रीट शॉपिंग परिसर के मध्य में चॉकलेट की दुकान मीठे व्यंजन के लिए एक अच्छी जगह है।

पैकनम में Leonie Thorne की चॉकलेट की दुकान मेन स्ट्रीट में 2005 में खुली और उसके व्यंजन तब से समुदाय का हिस्सा रहे हैं। दुकान स्वादिष्ट इम्पोर्टेड यूरोप की चॉकलेट, मीठी गोलियों और बिस्कुट में विशेषज्ञ है।

> लियोनी कहती हैं "दुकान छोटी हो सकती है लेकिन खचाखच भरी है," "हमारे पास बहुत सारी विशेष वस्तुएं हैं जो और कहीं नहीं पाई जा सकती।"

लियोनी उसके ऑर्डर पर बने हैम्पर्स और स्थानीय समुदाय का समर्थन करने के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। वह पैकनम के आसपास मुफ्त डिलीवरी की पेशकश करती है और किसी विशेष अवसर के लिए आपकी खरीदारी को गिफ्ट पैक करने में खुश होती है।

दुकान में लॉलीज़ के पैकेटों के साथ-साथ अनूठे उपहार के लिए संग्रहणीय टिनों का एक बड़ा चयन भी उपलब्ध है। दुकान में स्वादिष्ट आइसक्रीम और दुनिया भर से आये दिलचस्प सॉफ्ट ड्रिंक्स भी हैं।

यदि आप मीठे या विशेष ट्रीट का आनंद उठाना चाहते हैं, तो: The Chocolate Shop Pakenham 112 Main Street, Pakenham अवश्य जाएँ **03 5941 7165**
**thechocolateshoppakenham.com**



*Leonie Thorne अपने पैकनम स्टोर पर, The Chocolate Shop.*



# पैकनम Yakkerboo Festival (यक्करबू महोत्सव)

**रविवार 30 अप्रैल को आयोजित यक्करबू महोत्सव में पैकनम समुदाय के सदस्यों को पैकनम लेवल क्रॉसिंग रिमूवल के साथ पैकनम के आसपास अन्य बड़ी परियोजनाओं के बारे में जानने का मौका मिला।**

बेहद पसंद किया जाने वाला यक्करबू उत्सव लगभग 47 वर्षों से पैकनम में आयोजित होता आ रहा है, जहां सम्माननीय अतिथि मिस्टर यक्करबू हैं। यक्करबू शब्द आदिवासी मूल का शब्द है जिसका अर्थ हरे चरागाहों का स्थान है। स्वयंसेवी इस उत्सव को झूलों की सवारी, चेहरे की पेंटिंग, टट्टू की सवारी, अग्नि कार्यों के सहित बच्चों के अनुकूल गतिविधियाँ द्वारा पौराणिक प्राणी bunyip का उत्सव संचालित जश्न करते हैं।

उत्सव में आकर, मिस्टर यक्करबू का जश्न मनाने में हमारी मदद करने और बिग बिल्ड प्रोजेक्ट्स के बारे में और अधिक जानने के लिए धन्यवाद।



*पैकनम में मिस्टर यक्करबू उत्सव।*

## परियोजना समय

**2019**
- साइट जांच
- तकनीकी और इंजीनियरिंग मूल्यांकन
- सामुदायिक व्यस्तता

**2021 की शुरुआत**
- सामुदायिक व्यस्तता
- आगे की इंजीनियरिंग जांच

**मध्य 2021**
- स्टेशन डिज़ाइन की घोषणा की गई

**2021 के अंत में**
- खुली जगह समुदाय परामर्श
- शुरुआती काम

**2022**
- निर्माण
- खुली जगह के डिजाइन जारी किए गए

**2023**
- निर्माण

**2024**
- बूम गेट हमेशा के लिए ख़त्म
- पैकनम और पूर्वी पैकनम स्टेशन खुलेंगे
- स्थानीय लोगों के आनंद लेने के लिए सामुदायिक स्थान खुलेंगे

**समयरेखा परिवर्तन के अधीन है।*


**levelcrossings.vic.gov.au**

contact@levelcrossings.vic.gov.au

अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए कृपया 9209 0147 पर फ़ोन करें

1800 105 105 (कभी भी फोन करें)



यदि आप इस जानकारी को सुलभ प्रारूप (फॉर्मेट) में चाहते हैं तो कृपया हमसे संपर्क करें। यदि आपको सुनने या बोलने की अक्षमता के कारण सहायता की आवश्यकता है, तो **relayservice.gov.au** पर जाएं

VICTORIA State Government

NWP9349